# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
# TERMINAL EXAMINATION (2020 - 2021)
# SUBJECT : HINDI (II Language)

**Grade: IX** **Marks : 60**

**Date : 28 /09/2020** **Time : 2 ½ hours**

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first **10** minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper .*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

*This paper comprises of two sections – **Section A** and **Section B***

*Attempt **all** the questions from section **A**.*

*Attempt any **three** questions from section **B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any **one** other questions.*

*The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## SECTION 'A' (30 Marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **हिंदी** में लगभग **250** शब्दों में **संक्षिप्त** प्रस्ताव लिखिए :-

**(i)** आपके जीवन का उद्देश्य क्या है ? आज से दस वर्ष बाद की कल्पना कीजिए और बताइए कि आप स्वंय को कहाँ किस रूप में देखते हैं।

**(ii)** ' कोरोना – अभिशाप ' : प्रकृति के लिए वरदान ! विषय पर अपने विचार लिखिए।

**(iii)** स्वस्थ रहने के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना आवश्यक है। स्वस्थ रहने के उपयों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार लिखिए।

**(iv)** एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-

' सब दिन होत न एक समान '

**(v)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए **अथवा** कहानी लिखिए जिसका सीधा व **स्पष्ट** सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below :[7]

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिंदी** में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए :

**(i)** कोरोना संक्रमण की पूर्ण जानकारी देते हुए अपने बूढ़े दादाजी को पत्र लिखिए।

**(ii)** बारिश के समय में बार – बार बिजली कट जाने की समस्या पर ध्यान आकर्षित करवाने हेतु बिजली विभाग को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Answer the following according to the instructions given :-
निम्नलिखित **प्रश्नों** के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : [1]
उद्धार , पुस्तक

ii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :- [1]
कुटिल , गहरा , दानी , तरल

iii) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :- [1]
मन्द , लोभी

iv) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए :- [1]
कथा , उपासना

v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :- [1]

खाक छानना , घी के दिये जलाना

vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :- [3]

1) माँ ने पुत्र को पढ़ने के लिए प्रेरित किया । ( भविष्यकाल में बदलिए । )
2) दादा जी खाना खा लो। ( वाक्य शुद्ध करिए। )
3) ऐसी बातें मत करो जिसका कोई आधार न हो।
   ( रेखांकित वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए।)

**Section B (30 Marks)**

*Attempt **three** questions from this Section.*

*You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **one** other questions.*

## साहित्य सागर

## Question 4

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

" रसीला ने रमज़ान का हठ देखा तो आँखें भर आई ", " घर से ख़त आया है कि बच्चे बीमार है और रूपया नहीं है।"

i) प्रस्तुत संवाद का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

ii) रसीला को क्या परेशानी थी ? इस परेशानी में उसकी मदद किसने नहीं की ? [2]

iii) रमज़ान की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। [3]

iv) रसीला की आँखें क्यों भर आई थी ? उसने रमज़ान के बारे में क्या सोचा ? [3]

## Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

महत्व मूर्ति के रंग ,रूप या कद का नहीं , उस भावना का है वरना तो देश भक्ति भी आजकल मजाक की चीज़ होती जा रही है।

i) मूर्ति के संबंध में किसने उपरोक्त वाक्य कहे हैं ? उनका परिचय लिखिए। [2]

ii) मूर्ति किसकी थी ? वह कहाँ स्थित थी और उसे बनाने का कार्य किसे सौंपा गया था ? [2]

iii) कहानी के आधार पर मूर्ति का वर्णन कीजिए। [3]

iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

पाहन पूजे हरि मिले , तो मैं पूजूँ पहर
ताते ये चाकी भली , पीस खाय संसार

i) कबीरदास किस स्थिति में पहाड़ को पूजने के लिए तैयार है ? [2]
ii) 'ताते ये चाकी भली' पंक्ति का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ? [2]
iii) उपर्युक्त दोहे के आधार पर कबीर दास की भक्ति भावन पर प्रकाश डालिए। [3]
iv) प्रस्तुत पंक्तियों द्वारा कबीरदास क्या संदेश दे रहे हैं ? [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

जब तक मनुज – मनुज का यह
सुख भाग नहीं सम होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा।
उसे भूल वह फँसा परस्पर
ही शंका में , भय में
लगा हुआ केवल अपने में
और भोग – संचय में।

i) संसार का कौन-सा शोर कवि को बेचैन कर रहा है ? यह कैसे शांत हो सकता है ? [2]
ii) आज मनुष्य किस बात को भुला बैठा है और किस कार्य में लगा हुआ है ? [2]
iii) हम इस धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]
iv) शब्दार्थ लिखिए - [3]

i)शमित ii) कोलाहल iii) संघर्ष iv) मनुज v) सम vi) शंका